सेंट एंड्रयूज़ सीनियर सेकेंडरी स्कॉट्स स्कूल

9वीं एवेन्यू आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज ,दिल्ली - ११००९२

सत्र: २०२५-२०२६

कक्षा: चार   विषय :हिंदी   पाठ :5 हीरा - मोती

कठिन शब्द

1 रसियाँ

2 संभल

3 लाचार

4 निगाहें

5 व्यापारी

6 व्याकुल

7 हड्डियाँ

8 कचूमर

9 सिंगो

10 काँजीहौस

11 नीलाम

12 व्यापारी

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रश्न 1)गया झूरी के पास क्यों गया था ?

उत्तर गया झूरी के पास हीरा - मोती को माँगने गया था ।

प्रश्न2 गया की बेटी ने हीरा- मोती को क्यों खोल दिया ?

उत्तर बैलों की दुर्दशा देखकर गया की बेटी को बहुत बुरा लगता था ।एक दिन मोती अपनी रस्सी को चबाकर तोड़ने की कोशिश कर रहा था, तभी गया की बेटी वहाँ आई ।बैलों की मज़बूरी देखकर गया की बेटी ने उन्हें खोल दिया ।

प्रश्न3 हीरा मोती ने साँड का सामना किस प्रकार किया ?

उत्तर हीरा मोती को रास्ते में एक साँड मिला,उसने हीरा पर प्रहार किया तो मोती ने उस पर पीछे से चोट पहुँचाई । साँड घबराकर वहाँ से भाग गया ।इस प्रकार दोनों ने मिलकर साँड का सामना किया ।

प्रश्न4 दीवार में रास्ता बनते ही क्या हुआ ?

उत्तर दीवार में रास्ता बनते ही पहले तो घोड़ियाँ भागी । फिर भैंस और बकरियाँ, आखिर में मोती ने सींग मार-मार कर गधों को भगा दिया ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

1 कठोर - सख्त

उसने कठोर मेहनत की और परीक्षा में सफलता हासिल की ।

2 आज़ाद -स्वतंत्र

भारत को आज़ाद कराने के लिए कई देशभक्तों ने अपनी जिंदगी कुर्बान कर दी ।

3 प्रयत्न - कोशिश

जीवन में अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयत्न करते रहना चाहिए ।

4 व्याकुल - परेशान

रोहन को चोट लगने पर उसकी माँ व्याकुल हो गई।

रिक्त स्थान भरिए

1 झूरी की पत्नी के भाई का नाम <u>गया</u> था ।

2 गया ने उनसे <u>सख्त</u> काम लेना शुरू कर दिया था ।

3 वे लाचार <u>निगाहों</u> से एक दूसरे को देखते रहते थे ।

4 प्यास से <u>व्याकुल</u> बैलों ने कुछ कुछ दम बाकी नहीं रह गया था ।

5 झूरी की पत्नी ने दोनों बैलों के <u>माथे</u> चूम लिए ।